कन्हैया दीन दुखियो के सहायक तुम कहाते हो भजन लिरिक्स

कन्हैया दीन दुखियो के,
सहायक तुम कहाते हो,
दुखी हूँ दीन हूँ मैं भी,
मुझे फिर क्यों भुलाते हो,
कन्हैया दीन दुखियों के,
सहायक तुम कहाते हो।bd।

तर्ज – खिलौना जानकर तुम तो।

बड़ाई सुनके रहमत की,
तुम्हारे दर पे आया हूँ,
रहम की भीख दो दाता,
मैं गर्दिश का सताया हूँ,
हमेशा आप ही बिगड़ी में,
आखिर काम आते हो,
कन्हैया दीन दुखियों के,
सहायक तुम कहाते हो।bd।

इनायत की नजर करके,
बलाएं टाल दो दाता,
खुशी मेरी भी झोली में,
जरा सी डाल दो दाता,
जहां की नैमते तुम तो,
गरीबों पे लुटाते हो,
कन्हैया दीन दुखियों के,
सहायक तुम कहाते हो।bd।

मैं जग से हार कर आया,
तू हारे का सहारा हैं,
तुम्हारे बिन नहीं जग में,
कहीं मेरा गुजारा है,
लगाकर अपने चरणों में,
तरस बेकस पे खाते हो,
कन्हैया दीन दुखियों के,
सहायक तुम कहाते हो।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

बडी बेदर्द है दुनिया,
भरोसा क्या करूँ इस पर,
जहाँ दिल दे के मैं आया,
वहीँ से आ रहे पत्थर,
'गजेसिंह' प्यार का रिश्ता,
तो बस तुम ही निभाते हो,
कन्हैया दीन दुखियों के,
सहायक तुम कहाते हो।bd।

कन्हैया दीन दुखियो के,
सहायक तुम कहाते हो,
दुखी हूँ दीन हूँ मैं भी,
मुझे फिर क्यों भुलाते हो,
कन्हैया दीन दुखियों के,
सहायक तुम कहाते हो।bd।

Singer – Vikas Raghuvanshi

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com